**Dabang Dunia (Indore), 22nd January 2020, DD2, Page-3**



# विद्यार्थियों और शिक्षकों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर द्वारा राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विद्यालयीन ज्ञान को बाहर की दुनिया से जोड़ने, गणित एवं विज्ञान की पढ़ाई मनोरंजक बनाने, नवोन्मेश एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजकीय देवी अहिल्या एक्सीलेंस हायर सेकंडरी स्कूल खरगोन के विद्यार्थियों व शिक्षकों ने आईआईटी में मंगलवार को एक दिवसीय भ्रमण किया। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के तत्वावधान में आयोजित इस भ्रमण में राजकीय देवी अहिल्या एक्सीलेंस हायर सेकंडरी स्कूल खरगोन के 100 विद्यार्थियों व 5 शिक्षकों ने भाग लिया। यह आयोजन डॉ. नीरजकुमार शुक्ला व संस्थान की एक श्रेष्ठ भारत अभियान की टीम ने किया। विद्यार्थियों व शिक्षकों ने भौतिकी, रसायन, जैव विज्ञान, प्रौद्योगिकी की प्रयोगशाला, वर्कशॉप देखी। इस मौके पर संस्थान के गणित विभाग के प्राध्यापक डॉ. आशीष कुमार द्वारा व्याख्यान का आयोजन भी किया गया।